By Email/Courier

पत्रांक–म०भो० / को०–160 / 2012...1705.../

**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति**

प्रेषक:

विशेष कार्य पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रभारी पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार।

पटना, दिनांक 09.11.12

विषय: बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति के राज्य स्तरीय कार्यालय के लिये स्टेनो–कम–टाईपिस्ट–कम–निजी सचिव एवं कार्यालय सहायक के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु जिला पदाधिकारी कार्यालय तथा मध्याह्न भोजन योजना के जिला कार्यालय के सूचना पट पर विज्ञापन सं०–02 / 2012 चिपकाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति के राज्य स्तरीय कार्यालय के लिये स्टेनो–कम–टाईपिस्ट–कम–निजी सचिव एवं कार्यालय सहायक के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन किया जाना है। उपर्युक्त रिक्त पदों के लिये आवेदन आमंत्रित करने हेतु विज्ञापन सं०–02 / 2012 इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

निदेश दिया जाता है कि जिला पदाधिकारी कार्यालय तथा मध्याह्न भोजन योजना के जिला कार्यालय के सूचना पट पर उक्त विज्ञापन सं०–02 / 2012 को आमजनों के अवलोकन हेतु चिपकाया जाए ताकि अधिक से अधिक योग्य उम्मीदवारों से उक्त पद के विरूद्ध आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा सके।

विश्वासभाजन

09/11/12

**(अजय कुमार)**
विशेष कार्य पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना
बिहार, पटना।

(3)

विज्ञापन सं०–02/2012

# बिहार सरकार
# बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति
# शिक्षा विभाग
## अनुबंध पर नियोजन हेतु सूचना

**''बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति''** के राज्यस्तरीय कार्यालय के लिए निम्नलिखित रिक्त पद पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| पद कोड | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या एवं कोटि | नियत मासिक मानदेय (रु० में) | अन्य भत्ते | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | स्टेनो–कम–टाइपिस्ट–सह–निजि सचिव | 01 (सामान्य) | 13,000/– | 1500/– | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री।<br>2. हिन्दी एवं अंग्रेजी आशुलिपि में senior grade certificate.<br>3. कम से कम छः माह का डिप्लोमा इन कम्प्यूटर अपलिकेशन।<br>3. कम्प्यूटर द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण में दक्षता।<br>4. दो वर्ष का सरकारी/अर्द्धसरकारी/ गैर सरकारी संस्था में स्टेनो– कम–टाइपिस्ट के पद पर कार्य करने का अनुभव। | 1. हिन्दी एवं अंग्रेजी में पत्र प्रारूप बनाने का ज्ञान। |
| 02 | कार्यालय सहायक | 04 (अनारक्षित–2, अत्यंत पिछड़ा वर्ग–1 अनुसुचित जाति–1) | 13,000/– | 1500/– | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री।<br>2. कम्प्यूटर द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण में दक्षता।<br>3. एक वर्ष का सरकारी/अर्द्धसरकारी/ गैर सरकारी संस्था में कार्य करने का अनुभव।<br>4. कम से कम छः माह का डिप्लोमा इन कम्प्यूटर अपलिकेशन। | 1. हिन्दी एवं अंग्रेजी में पत्र प्रारूप बनाने का ज्ञान। |

## नियम एवं शर्त्तें

1. आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक तथा अन्य प्रासंगिक प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति एवं 25/– रू० का डाक टिकट लगा स्वपता लिफाफा के साथ **निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कारपोरेशन लि०, बुद्धमार्ग, पटना–800001** के पते पर रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के द्वारा दिनांक 30.11.2012 को अपराह्न 5:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं वांछनीय योग्यता से संबंधित राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

2. निर्धारित समय सीमा तथा तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. उपर्युक्त पद के लिए बिहार का निवासी होना अनिवार्य है।

4. कार्य संतोषजनक नहीं रहने पर चयनित कर्मी का अनुबंध एक माह का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार चयनित उम्मीदवार भी एक माह का नोटिस देकर कार्य छोड़ सकते हैं।

5. वर्त्तमान में मध्याह भोजन योजना समिति में कार्यरत कर्मी यदि आवश्यक योग्यता धारित करते हों तो वे भी आवेदन कर सकते हैं।

6. आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा ली जा सकती है।

7. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। साक्षात्कार की तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

8. **आयु:** सभी पदों पर आवेदन हेतु 1 अप्रैल 2012 को न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु अनारक्षित वर्ग (पुरूष) के लिये 37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) के लिये 40 वर्ष, अनारक्षित वर्ग (महिला) के लिये 40 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग (पुरूष/महिला) के लिये 42 वर्ष होना चाहिये।

9. आवेदन के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम तथा विज्ञापन संख्या अवश्य अंकित करें।

10. उपर्युक्त पद पर अनुबंध के आधार पर नियोजन पूरी तरह औपबंधिक एवं तदर्थ होगा तथा केवल 11 माह के लिये होगा।

11. कार्य संतोषजनक रहने तथा योजना के अगले वित्तीय वर्ष में भी संचालित रहने की स्थिति में अवधि विस्तार दिया जा सकता है।

12. सचिव, बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति–सह–निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार, पटना को किसी भी समय इस विज्ञापन को निरस्त करने एवं रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन करने अथवा किसी पद को विलोपित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

13. उक्त पद पर चयनित होने के उपरान्त इस आधार पर सरकारी नौकरी का दावा मान्य नहीं होगा।

14. मध्याह्न भोजन योजना कालबद्ध योजना है। अतः उक्त पदों पर चयनित अभ्यार्थियों को मिशनमोड में कार्य किये जाने की बाध्यता होगी।

# आवेदन–पत्र का विहित प्रारूप

स्वअभिप्रमाणित फोटो

1. आवेदित पद का नाम –
2. आवेदक का नाम –
3. पिता/पति का नाम –
4. स्थायी पता –
5. वर्त्तमान पता –
6. दूरभाष/मो० संख्या सहित –
7. आवेदक की जन्म तिथि –
8. दिनांक 01 अप्रैल 2012 को आयु (वर्ष, महीने एवं दिनों में)–
9. आरक्षण कोटि –
10. (i) अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता –

| परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

सही बॉक्स में ✓ का चिन्ह लगायें।

(i) डिपलोमा इन कम्प्यूटर अपलिकेशन– हाँ ☐ नहीं ☐

(ii) कम्प्यूटर द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकन में दक्षता है। हाँ ☐ नहीं ☐

(iii) सरकारी/अर्द्धसरकारी/गैर सरकारी संस्था में स्टेनो–कम–टाईपिस्ट/कार्यालय सहायक के पद पर कार्य करने का अनुभव है। हाँ ☐ नहीं ☐

(iv) हिन्दी एवं अंग्रेजी में पत्र प्रारूप तैयार करने का ज्ञान है। हाँ ☐ नहीं ☐

(v) योग्यता–सरकारी/अर्द्धसरकारी/गैर सरकारी संस्था में कार्य करने का अनुभव है। हाँ ☐ नहीं ☐

यदि हाँ तो अवधि ☐

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदन में अंकित सभी विवरण पूर्णतः सत्य है।

स्थान –

दिनांक – आवेदक का हस्ताक्षर

Sd/- 1.11.12.

सचिव,
बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति,
–सह–
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।